दिनांक 09.07.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

खूबसूरती का अनुभव कराएगा सर्विस रोड, खुर्सीपार गेट के सामने केनाल और सर्विस रोड के किनारे की खाली जगह का किया जाएगा सौंदर्यीकरण

भिलाई नगर। शहर के बीच से गुजरने वाले नेशनल हाइवे- 53 का सफर राहगीरों को एक अलग ही आनंद का अनुभव कराएगा। केनाल रोड और नेशनल हाइवे के सर्विस रोड के बीच की खाली जगह का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसकी सुंदरता देखकर रोमांचित होंगे। सौंदर्यीकरण के इस कार्य को शुरू कराने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने निगम के अधिकारियों के साथ खुर्सीपार से पावर हाउस नंदनी रोड तक का जायजा लिया। जोऩ- 4 के कमिश्नर अमिताभ शर्मा को केनाल रोड के ठेकेदार से अनुबंध शर्त के मुताबिक केनाल रोड और सर्विस रोड के किनारे की खाली जगह पर सुंदर कलाकृतियां स्थापित कराने के साथ ही ग्रीन जोन बनवाने के निर्देश दिए। क्यारी बनाकर रोपे जाएंगे शोभायमान एवं फूल वाले पौधे

महापौर ने कहा कि केनाल रोड के किनारे और डिवाइडर को राजधानी रायपुर की तरह पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। आकर्षण के लिए सर्विस रोड के किनारे की जगह पर क्यारियां बनाई जाएंगी। जिसमें शोभायमान एवं फूल वाले पौधे रोपे जाएंगे। बस्तर की कलाकृतियां स्थापित किया जाएगा। दीवारों पर भित्ति चित्र उकेरी जाएंगी। इसके अलावा महापौर ने क्रांति मार्केट बीएसपी की पुरानी टंकी के पास खाली जमीन पर प्रस्तावित कार्य का निरीक्षण किया। यहां पर शासन की महत्वाकांक्षी पौनी-पसारी योजना के अंतर्गत 26.88 लाख की लागत से चबूतरा सहित अन्य निर्माण कार्य के लिए विभागीय प्रक्रियाधीन कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए! इस मौके पर एमआईसी सदस्य सत्येन्द्र बंजारे , जोन 4 के कमिश्नर अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े मौजूद रहे।